गतिविधि शीट-I : गिद्ध कहाँ हैं ?

(क) ग़ायब होते गिद्धों की कहानी को ध्यान से सुनें (या पढ़ें)।

- गिद्धों के बारे में कहानी में कही गई ऐसी दो बातें लिखें, जिन्हें सुनकर आप इन पक्षियों के बारे में और अधिक उत्सुक हुए। इन बातों ने आपको क्यों और अधिक जिज्ञासु बनाया?
- जब आपने कहानी सुनी (या पढ़ी) तो उस समय महसूस हुई कोई एक भावना आपको याद है? उसे लिखें।
- क्या कहानी में ऐसा कुछ था जो आप समझ नहीं पाए? या क्या आपके मन में गिद्धों के जीवन से जुड़े ऐसे कुछ प्रश्न हैं जिनके उत्तर आपको कहानी में नहीं मिले हों? अगर हाँ, तो उन्हें लिखें लें। अपने दोस्तों से और कक्षा में उन पर चर्चा करें। यदि मदद की आवश्यकता हो तो अपने शिक्षक से पूछें।

(ख) भारत में गिद्धों की नौ अलग-अलग क़िस्में (प्रजातियाँ) पाई जाती हैं। इनमें से तीन क़िस्मों की तस्वीरें नीचे दी गई हैं, जो लगभग लुप्त हो गई थीं। इनके नाम हैं : (i) लम्बी चोंच वाला गिद्ध (या भारतीय गिद्ध), (ii) पतली चोंच वाला गिद्ध और (iii) बंगाल का गिद्ध या सफ़ेद-पीठ वाला गिद्ध। कुछ समय लगाकर इन तस्वीरों को ध्यान से देखें। अगले पृष्ठ पर दी गई तालिका में इन पक्षियों के बारे में अपने अवलोकन दर्ज करें।

क

ख

ग

	(क)	(ख)	(ग)
आप पक्षी के आस-पास के वातावरण का वर्णन कैसे करेंगे?			
उसके सिर और गर्दन का वर्णन कैसे करेंगे? उनका रंग क्या है?			
चोंच का आकार कैसा है? रंग क्या है? क्या वह भारी लग रही है या हल्की? मोटी है या पतली? सीधी है या घुमावदार?			
आँखों का रंग क्या है?			
क्या आप उसके पंजे देख सकते हैं? पंजे कैसे हैं?			
क्या आपको गिद्धों में कोई और रोचक विशेषता मिली?			
क्या आपको तस्वीरों में और कुछ दिलचस्प दिखा?			
क्या आपने अपने आस-पास कभी ऐसे गिद्ध देखे हैं?			

Image credit details:

(a) Long-billed vultures in a nest. Spotted on the tower of the Chaturbhuj Temple, Orchha, Madhya Pradesh. Credits: Yann Forget, Wikimedia Commons. URL: https://en.wikipedia.org/wiki/File:Vultures_in_the_nest,_Orchha,_MP,_India_edit.jpg. License: CC BY-SA 4.0 International Deed.

(b) A slender-billed vulture. Spotted in Mishmi Hills, India. Credits: Mike Prince, Wikimedia Commons. URL: https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Slender-billed_Vulture,_Mishmi_Hills,_India_(cropped).jpg. License: CC BY 2.0 Generic Deed.

(c) A flock of white-rumped or white-backed vultures gathered near carcass. Spotted in Mangaon, Raigad, Maharashtra, India. Credits: Shantanu Kuveskar, Wikimedia Commons. URL: https://commons.wikimedia.org/wiki/File:White-rumped_vulture_(Gyps_bengalensis)_Flock_gathered_near_carcass_Photograph_by_Shantanu_Kuveskar.jpg. License: CC BY-SA 4.0 International Deed.

i wonder...
Rediscovering school science

रचनाकार :

राधा गोपालन अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलूरु में कार्यरत हैं। वे तेलंगाना के कुडली इंटरजेनेरेशनल लर्निंग सेंटर की सदस्य भी हैं।

अनुवाद : गणेश मादुलकर **पुनरीक्षण :** उमा सुधीर **कॉपी एडिटर :** अनुज उपाध्याय